newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३३ | ४ से १० सितंबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## जुडेगा भारत जितेगा इंडिया

मुंबई में विपक्षी गठबंधन की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को खत्म हुई। इस बैठक में विपक्ष के नेताओं ने एकजुटता का संदेश दिया है। हालांकि दलों के बीच हितों का टकराव देखने को मिला। बैठक में लोकसभा चुनावों की ही बात की गई विधानसभा चुनावों की नहीं। गठबंधन के नेताओं की मुंबई में हुई दो दिवसीय बैठक से निकले नतीजों पर गौर करें तो साफ दिखता है कि लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की अटकलों को गठबंधन नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। जो तीन प्रस्ताव इस बैठक में स्वीकार किए गए, उनमें भी इसकी छाप नजर आती है। पहले प्रस्ताव में ही यह साफ कर दिया गया है कि अगला लोकसभा चुनाव जहां तक संभव होगा, साथ लडेंग़े। यह घोषणा एक तरह से इस आशंका या सवाल को समाप्त कर देती है कि पता नहीं ये दल एक साथ आ पाएंगे या नहीं। कहा जा सकता है कि वे साथ आ चुके हैं। हालांकि इन दलों के बीच हितों का जो सहज टकराव था, वह दूर नहीं हुआ है। इसीलिए सिर्फ लोकसभा चुनावों की बात की गई। इसमें विधानसभा चुनावों को शामिल नहीं किया गया है। यही नहीं, जहां तक संभव होगा का प्रयोग बताता है कि सही अर्थों में सहमति बनाने के लिए अभी काफी मशक्कत करने की जरूरत पडेग़ी और ऐसी भी सीटें होंगी ही, जहां तमाम मशक्कतों के बावजूद सहमति नहीं बन पाएगी। ऐसे ही दूसरे प्रस्ताव में कहा गया है कि सदस्य जल्द से जल्द सार्वजनिक रैली आयोजित करना शुरू कर देंगे। तीसरे प्रस्ताव में कम्युनिकेशन और मीडिया स्ट्रैटेजी का जिक्र करते हुए स्पष्ठ किया गया कि यह जुडेग़ा भारत, जीतेगा इंडिया पर आधारित होगा। जाहिर है, ये तीनों प्रस्ताव जल्द से जल्द चुनाव प्रचार के मोड में आने का ही ऐलान हैं। १ ३ सदस्यों की जो को-ऑर्डिनेशन कमिटी घोषित की गई है, वह भी काफी महत्वपूर्ण है। इसमें सभी प्रमुख दलों को जगह दी गई है और यह इस गठबंधन की सर्वोच्च निर्णायक इकाई के रूप में काम करेगी। इस घोषणा के जरिए यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो भी मुद्दे उठने वाले हैं वे उठें तो जरूर, लेकिन सार्वजनिक तौर पर अनिश्चितता या असमंजस का कारण न बनें। इसकी संभावना कम इसलिए हो गई है क्योंकि को-ऑर्डिनेशन कमिटी के रूप में इन मुद्दों को निपटाने का एक मैकेनिज्म अस्तित्व में ला दिया गया है। हालांकि अलग-अलग विचारधारा, नीति, अजेंडा और हितों वाले दलों का साथ चलना कितना मुश्किल है, यह इससे भी पता चलता है कि पहले से घोषणा हो जाने के बावजूद संगठन का लोगो जारी नहीं किया जा सका। संयोजक को लेकर भी किसी नाम की घोषणा नहीं हो सकी। वैसे मानकर चलना चाहिए कि आगे ऐसी और भी असहमतियां सामने आएंगी। हो सकता है मतभेद मनमुटाव का भी रूप लेते दिखें। लेकिन ये दल मुंबई में की गई घोषणाओं पर कायम रहें तो इतना जरूर है कि सत्तारूढ.पक्ष के लिए साझा चुनौती ये बन चुके हैं। भारतीय लोकतंत्र के मौजूदा मोड. पर विपक्ष के स्पेस की राजनीति के लिए यह छोटी बात नहीं।

## योजनाओं के नाम पर शहरवासियों को किया गुमराह, जांच के घेरे में दिलीप ढोले

**जेकेएस संवाददाता**



मीरा-भाईंदर : मीरा-भाईंदर मनपा के पूर्व आयुक्त दिलीप ढोले की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जहां विगत महीने यूएलसी घोटाले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के समन के बाद उनकी आयुक्त पद से विदाई हो गई थी, वहीं अब ताजा मामले में वर्तमान आयुक्त संजय काटकर ने ढोले कार्यकाल में जारी हुई निविदाओं (टेंडर) की जांच का आदेश दे दिया है। आयुक्त संजय काटकर ने कहा कि उन्हें पूर्व में जारी निविदाओं में अनियमितताओं की शिकायतें मिली थीं। शिकायत करने वालों में जनप्रतिनिधियों के अलावा सामाजिक संगठन भी शामिल थे। गौरतलब है कि फिलहाल हाल ही में प्रकाशित' निविदाओं की जांच का आदेश दिया गया है। संजय काटकर द्वारा जारी आदेश के तहत आगामी ७ दिनों में समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। समिति हाल-फिलहाल में प्रकाशित हुई निविदाओं की जांच करेगी। जरूरत पडऩे पर प्रकाशित निविदाओं के नियम व शर्तों में वदलाव करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जांच करते समय विधायक सांसद निधि के काम, मूलभूत सेवा समिति के काम, शासन द्वारा प्राप्त विशेष निधि और मनपा निधि के कार्यों को इसी क्रम में प्रधानता देनी है। सभी निविदाओं की हो जांच: सुवर्णा पूर्व नगरसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता रोहित सुवर्णा ने मांग की और मनपा के पूर्व आयुक्त प्रशासक के कार्यकाल के दौरान नियमों को ताक पर रख कर अग्नि सुरक्षा और निवृति वेतन की आरक्षित निधि से ३०-३० करोड.रुपए की निकासी की गई थी. इस संबंध में पूर्व पार्षद अजीत पाटिल ने मनपा के वर्तमान आयुक्त - प्रशासक संजय काटकर से नियम बाह्य आरक्षित निधि की रकम निकासी कर अन्य कार्यों में खर्च करने के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की लिखित मांग की है. इससे संबंधित कई नियमों और अधिनियमों का हवाला भी पाटिल ने दिया है. अधिकारों का उल्लंघन: पाटिल ने आयुक्त काटकर को दिए पत्र में कहा कि १५ जून २०२३ को तत्कालीन प्रशासक दिलीप ढोले ने प्रशासकीय प्रस्ताव क्र. - ९७ को पारित कर अग्नि सुरक्षा आरक्षित निधि से ३० करोड.व निवृति वेतन आरक्षित निधि से ३० करोड. ऐसे ६० करोड. रुपए की निकासी की थी. इस तरह से सक्षम प्राधिकरण अथवा राज्य सरकार की मंजूरी के बिना आरक्षित निधि की रकम निकालना और खर्च करना नियमबाह्य तथा प्रशासक को प्राप्त अधिकारों का उल्लंघन है. महाराष्ट्र आग प्रति बंधक जीवसंरक्षक उपाय योजना अधिनियम २००६ के तहत विशेष निधि स्थापन करने के नियम ३ के अनुसार जिस प्रयोजन के लिए निधि आरक्षित की गई है. उसके अलावा अन्य किसी भी प्रयोजन के लिए उस निधि का उपयोग नहीं किया जा सकता. ढोले के कार्यकाल में जारी सभी निविदाओं की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीरा- भाईंदर के इतिहास में ढोले पहले आयुक्त हैं, जिन्हें ईडी द्वारा तलव किया गया है। गौरतलब है कि ढोले की आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक शिकायत की भी जांच जारी है।

## पुलिस आयुक्त ने अवैध बैनर मुद्दे को लेकर लगाया जुर्माना

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भाईंदर : एमवीवीवी पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय ने नवघर रोड पुलिस स्टेशन के तत्कालीन वरिष्ट पुलिस निरीक्षक मिलिंद देसाई पर ५००० रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। मामला एक शिकायत में एफआईआर लिखने में आनाकानी करने से जुडा हुआ है। शिकायतकर्ता कृष्णा गुप्ता ने वर्ष २०२१ में अवैध वैनर लगाने को लेकर एक शिकायत की थी। शिकायत लेने में मिलिंद देसाई ने आनाकानी की और लगभग ४ महीने बाद मनपा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की। बाद में पुलिस ने इसमें 'ए- समरी' फाइल कर मामले को रफा-दफा कर दिया। एफआईआर में देरी को लेकर कृष्णा गुप्ता ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी।



शिकायत को सही मानते हुए आयुक्त ने देसाई पर दंड लगाया है। गौरतलब है कि देसाई विगत सप्ताह सेवानिवृत्त हो गए हैं।

## पुलिस की सतर्कता के चलते युवक को मिला जिवनदान

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। पुलिस कर्मियों की सक्रियता के चलते रेलवे ब्रिज से भायंदर की खाडी में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले एक युवक की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भायंदर पुलिस स्टेशन के सरकारी फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया कि भायंदर की खाडी में पिलर नंबर २ के पास एक युवक आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही दो पुलिसकर्मी घोडक़े और पोशी भोई तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मीरा रोड के पूनम गार्डन परिसर में रहने वाले आकाश गुप्ता नामक युवक ने देखते देखते खाडी में छलांग लगा दी। सक्रिय पुलिस वालों ने तत्काल वोट मंगाकर उसकी जान बचा ली और उसे सुरक्षित नवघर पुलिस स्टेशन में छोड.दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मध्यप्रदेश का जालसाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वसई** : असली बताकर नकली सोना देकर ठगी करने के आरोप में पेल्हार पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन की टीम ने मध्य प्रदेश से ठग को गिरफ्तार करके उसके पास से हजारों रुपयों का माल जप्त किया है। पेल्हार थाने के सीनियर पीआई वसंत लब्दे, पीआई (क्राइम) विजय पाटील व पीआई (प्रशासन) शिवानंद देवकर के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन के सपोनि सोपान पाटील की टीम ने यह करवाई की है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता शोभाराज शिवानंद सोनी उम्र ५२ वर्ष की आभूषण की दुकान पर आरोपी आया और उसने कहा कि उसके पास १९.२०० ग्राम की सोने की चेन है। उसने नकली सोने की चेन के बदले शिकायतकर्ता की दुकान से १९.५२० ग्राम वजन के सोने के आभूषण, १३.२५० ग्राम वजन का मंगलसूत्र और ६.२७० ग्राम वजन का डबलकुड्डी पैडल लेकर धोका देकर फरार हो गया। इस मामले में शिकायतकर्ता ने पेल्हार थाने में ४२०,३४ के तहत केस दर्ज करवाया था। पुलिस ने बताया कि अपराधों की जांच के संबंध में अपराध जांच शाखा के अधिकारियों और कर्मचारी द्वारा गुप्त मुखबिरों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी विश्लेषण और जानकारी के आधार पर फरार राजकुमार प्रदीप सोनी (२३), निवासी-इटारसी जि. नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश से आरोपी को गिरफ्तार करके उसके पास से ६०,००० रुपए का माल बरामद किया है।

## मोबाइल चोर चढे पुलिस के हत्थे

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : काशीमीरा क्राइम ब्रांच ने मोबाइल चोरी की २ अलग-अलग घटनाओं को सुलझाते हुए २ मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की गई अलग - अलग कंपनियों के कुल २४ मोबाइल बरामद की गई है। काशीगांव, मीरारोड निवासी अनिल अंगद प्रजापति (२९) ने काशीमीरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका सैमसंग कंपनी का मोबाइल घर में चार्जिंग करते समय खिडक़ी से किसी ने चुरा लिया है। इसी प्रकार की एक अन्य घटना में मनोहर शिवराम कजरेकर ने पुलिस में शिकायत की थी की फाउंटेन सिग्नल के पास की बस स्टॉप से बस पकडत़े समय उसके जेब से काले रंग की रेडमी नोट कंपनी की मोबाइल किसी ने चोरी कर ली है। मोबाइल चोरी की इन दोनों ही वारदातों की जांच कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने दहिसर निवासी आतिश सिंह और ठाणे , राबोडी निवासी जुबेर जफर कच्ची को गिरफ्तार किया है। उनके पास से शिकायतकर्ताओं के मोबाइल सहित अलग-अलग कंपनियों के १२- १२ ऐसे कुल २४ मोबाइल बरामद हुए हैं जिनकी कीमत क्रमश: ४६,५०० और ५९,००० ऐसे कुल १ लाख ५ हजार ५०० रुपए हैं।

## यूपी के ईनामी हत्यारे को काशिमिरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**



मीरा-भाईंदर: काशिमिरा क्राइम ब्रांच ने हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के आजमगढ.में एक हत्या और अपहरण के मामले में वांछित थे और जिला न्यायालय ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वॉरंट भी जारी किया था। आरोपियों पर आजमगढ. पुलिस महानिरीक्षक ने ५०- ५० हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। क्राइम ब्रांच के एसीपी अमोल मांडवे ने बताया कि वर्ष २०१९ में हुई एक हत्या में रामविलास यादव, दिनेश यादव, अनिल यादव और कमलेश यादव वांछित थे। हत्या २०१९ में हुई थी, लेकिन एफआईआर २०२३ में की गई। मामला उत्तर प्रदेश एसटीएफ के हाथों में आया और एसटीएफ की टीम ने एमवीवीवी पुलिस से संपर्क किया। क्योंकि उनके पास आरोपियों के यहां पर होने की जानकारी थी। पीआई अविराज कुराडे की टीम ने यूपी एसटीएफ को सहयोग करते हुए ४८ घंटे के भीतर ३ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## भ्रष्ट ठेकेदार पर मनपा मेहरबान, शहर में शौचालय का हाल है खस्ताहाल

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भाईंदर : मीरा- भाईंदर मनपा के लाख दावों के बावजूद शहर के सार्वजनिक शौचालय वदहाल हैं। विगत कुछ महीने पहले सार्वजनिक शौचालयों के लिए नए ठेकेदार नियुक्त करते समय मनपा उपायुक्त रवि पवार ने दावा किया था कि शौचालयों की दशा और दिशा को जल्द सुधारा जाएगा। लेकिन शौचालयों की तस्वीरें बताती हैं कि मनपा उपायुक्त के दावे पूरी तरह से खोखले हैं। काशिमिरा स्थित जनता नगर के पास मनाली विलेज के सामने मनपा का सार्वजनिक शौचालय है। शिवसेना नेता रामभुवन शर्मा बताते हैं कि इस शौचालय का ठेका 'श्री स्वामी समर्थ' नामक संस्था के पास है। इस शौचालय का इतना बुरा हाल है कि लगता है इमारत कभी भी गिर जाएगी। कहीं दरवाजे नहीं हैं, तो कहीं डब्बा गायव है। लोग बताते हैं कि इस शौचालय में नाक पर विना कपडा रखे नहीं जा सकते हैं। 'भ्रष्ठ ठेकेदार पर मनपा मेहरबान: मार्च २०२३ में पूर्व ठेकेदार प्रशांत पारकर की कंपनी 'शाइन मैंटेनेंस' का ठेका भ्रष्ठाचार के चलते रद्द कर दिया था। उसके वाद पारकर की दूसरी कंपनी 'करण मैंटेनेंस' को फिर से ठेका दे दिया गया। रामभुवन शर्मा बताते हैं कि







श्री स्वामी समर्थ भी पारकर की 'कंपनी' है। सवाल उठता है कि मनपा इस ठेकेदार पर मेहरवान क्यों है। काशिमिरा निवासी अंकित मिश्रा बताते हैं कि दिल्ली से आई स्वच्छता सर्वेक्षण टीम को मनपा ने गुमराह किया था। टीम के आने से पूर्व शहर के कई शौचालयों को साफ-सुथरा कर उसके बाहर गमले इत्यादि रख दिए गए थे, जबकि वास्तविकता में शौचालयों का हाल बहुत बुरा है। गौरतलब है शौचालयों के ठेके में भ्रष्ठाचार हमेशा से चर्चा का विषय रहा है। मनपा अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत की शिकायतें लगातार होती रही हैं। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रवि व्यास इस मामले में मनपा के भ्रष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी कर चुके हैं। जिन शौचालयों में स्वच्छता की कमी है, जिनके दरवाजे टूट हैं और डब्बे गायब हैं, वहां मनपा दंडात्मक कार्रवाई करती है। अभी तक ऐसे कई शौचालयों को लेकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

# जीण माता का झूला महोत्सव संपन्न

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। श्रावण की नवमी के पवित्र दिन पर आरएनपी पार्क, भायंदर पूर्व स्थित सप्तेश्वर सालासर हनुमान मंदिर परिसर एवं साई दर्शन मंदिर परिसर मलाड में स्थित जीण माता मंदिर में श्री जीण माता प्रचार मंडल द्वारा जीण माता का झूला उत्सव तथा मंगल पाठ उत्सव का आयोजन किया गया। यजमान सुनीता प्रमोद संगानेरिया व उषा राजेंद्र चौधरी परिवार द्वारा ज्योत प्रज्वलित की गई। जीण मंगल पाठ व भजन संध्या में भक्तों ने भावविभोर होकर नाच-गाकर भक्ति रस का आनंद लिया। आयोजन में अखंड ज्योत, जन्मोत्सव, छप्पन भोग रखा गया। माता जी का झूला भी लगाया गया। श्रद्धालुओं ने माता जी को झूला झुलाकर आशीर्वाद लिया। मंगल पाठ इंदू सोमानी व सहयोगियों द्वारा एवं मालाड मंदिर में मंगला पुरोहित व सहयोगियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। भक्तों को बधाई का वितरण भी किया गया। महिलाओं ने राजस्थानी संस्कृति की प्रतीक मेहंदी लगा कर नाच- गाकर चुनडी उत्सव का आनंद लिया। जीण माता प्रचार मंडल द्वारा सामाजिक दायित्व निर्वाह के अंतर्गत सदैव निर्धनों की मदद की जाती है। इस अवसर पर भी संस्था द्वारा एक जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन एवं व्हील चेयर प्रदान की गई। भक्ति कार्यक्रम के आयोजन मे ट्रस्टी व अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र गुप्ता, ट्रस्टी व महासचिव विजय डोकानियां, प्रवीण मुकीम, सांवल चंद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रोहिताश शर्मा, अतुल शर्मा, पंडित ज्ञानप्रकाश मिश्रा की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर पूर्व नगरसेविका शानू गोहिल, डॉ. एम. एल. गुप्ता, रथीन दत्ता, सुशील पोद्दार, किशन काबरा, अरुण सांगानेरिया, सीए अमित अग्रवाल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रसाद वितरण व आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पहले महंगाई की मार, व्यापारी परेशान, अब एक और कर का भार

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। किराए के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर वार्षिक भाडे.की कुल रकम के २०% तक अनुपूरक कर लगाने का विरोध शुरू हो गया है।विधायक गीता जैन ने नगर विकास विभाग( मंत्रालय) तथा मीरा भायंदर मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर इस कर को गैर कानून संमत बताया है और रद्द करने की मांग की है। खाली तिजोरी भरने के लिए मीरा भायंदर मनपा राजस्व के नए-नए स्त्रोत तलाश रही है। इसी क्रम में उसने भाडे.पर दी गई वाणिज्यिक संपत्तियों पर नया टैक्स लगाया है।और इस संबंध में नोटिस जारी की है।नोटिस के मुताबिक वाणिज्यिक संपत्ति के वार्षिक भाडा की कुल रकम का २० फीसदी रकम या १० रूपया प्रति वर्ग फीट, इनमें से जो भी अधिक हो, टैक्स जमा करने को कहा गया है। पहले ही महंगाई की मार और दुनिया भर के टैक्स झेल रहे व्यापारी और परेशान और नाराज हो गए हैं।उनके समर्थन में गीता जैन आ गई हैं।राज्य सरकार के नगर विकास विभाग तथा मीरा भायंदर मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर उन्होंने अनुपूरक कर को गैरकानूनी ठहराते हुए कानून भी बताया है। जैन के मुताबिक मनपा ने महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम १५० (क) कलम के तहत कार्यवाही की चेतावनी दी है। लेकिन यह कलम मनपा अधिनियम में अंतर्भूत ही नही है। जैन ने तर्क दिया है कि महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम १५० के तहत किसी भी कर में वृद्धि ,अनुपूरक कर या फिर नया कर लगाने की बात यदि स्पष्ठ रूप से कही गई है,तब भी इस अधिनियम में या राज्य सरकार के आदेश या मंजूरी में दायरा व शर्त सुनिश्चित की गई है।उसके अधीन रहकर और राज्य सरकार की मंजूरी लेकर अनुपूरक कर लगाना जरूरी था। जैन ने प्रशासन को कानून बताते हुए कहा है कि अगर अनुपूरक कर लगाना है तो महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम के कलम ४५७ के तहत लगा सकते है।लेकिन ऐसा करने के लिए कलम ४५८ से ४६३ तक के कलम के तहत कार्यवाही पूरी करनी होगी।और कलम ४६६ के तहत आयुक्त को स्थाई आदेश निर्गमित करना होगा।

# ऑसम स्पा की आड में शबनम खान चलाती थी जिस्मफरोशी का धंधा




मीरारोड: मसाज स्पा के नाम पर चलाए जा रहे व्यवसाय पर कार्रवाई कर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने २ पीडित लडकियों को वहां से मुक्त कराया है और स्पा की मैनेजर के खिलाफ काशीमीरा पुलिस में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कराया है. एटीएस भायंदर के पुलिस निरीक्षक समीर अहीरराव को सूचना मिली थी कि काशीमीरा के स्पेस ९१२ नामक इमारत की छठी मंजिल पर गाला नंबर ६१२ में ऑसम स्पा के नाम पर वेश्या व्यवसाय चलाया जा रहा है. पुलिस ने २ बोगस ग्राहक भेजकर सूचना की पुष्ठि कर वहां छापा मारकर स्पा मैनेजर शबनम खान से बोगस ग्राहकों द्वारा लडक़ी आपूर्ति के लिए दिए गए १५०० रुपए, ५ हजार नगद व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की. खुद की कमाई के लिए लडकियों को वेश्या गमन के लिए प्रवृत्त करने के जुर्म में शबनम खान के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.




# ५० लाख की ठगी, तीन पर मामला दर्ज

कल्याण : शेयर मार्केट में अधिक फायदा का लालच देकर ५० लाख रुपए से अधिक का ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ विष्णु नगर पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, गिरीश व्यास (३६) डोंबिवली-पश्चिम सिद्धिविनायक सोसाइटी में रहते हैं।




गिरीश व्यास के पहचान के तीन लोग कभी घर पर तो कभी कार्यालय पर आकर उनसे मिलते थे और शेयर में पैसे इंवेस्ट करने के लिए समझाते थे। जी टेक ट्रेडर्स और अभी इंटरप्राइजेश सहित कई कंपनियों के नाम पर १०० प्रतिशत फायदा का लालच देते थे। उनकी बातों में आकर व्यास २४ अप्रैल २०२३ से २६ जुलाई २०२३ के बीच चेक, ऑनलाइन, फोनपे आरटीजीएस, आईएमपीएस के माध्यम से ५० लाख ५२ हजार ३१० रुपए दे दिए। इतना पैसा देने के बाद भी जब फायदा नहीं हो रहा था तो व्यास अपने आप को ठगा महसूस करने लगे। व्यास की शिकायत पर विष्णु नगर पुलिस ने मोहित शर्मा, ऋचा गुप्ता और अंगद के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।













# आरोपी को पकडने गई मुंबई पुलिस पर पत्थरों से हमला

मुंबई: ठाणे के अंबिवली में आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर पत्थरों से हमला किया गया, लेकिन डीएन नगर की जांबाज पुलिस टीम ने बिना डरे पत्थरबाजों का मुकाबला किया और आरोपी को लेकर मुंबई आ गई. गिरफ्तार आरोपी फिरोज फयाज खान के खिलाफ ४० से ज्यादा ठगी और झपटमारी के मामले दर्ज हैं. मुंबई पुलिस के इस ऑपरेशन और पत्थरबाजी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. इसमें डीएन नगर पुलिस के एपीआई राकेश पवार को पत्थर से चोट लगते और फिर बिना डरे खुद भी पत्थर उठाकर मुकाबला करते देखा जा सकता है. डीएन नगर पुलिस की कुल



१२ पुलिस कर्मियों की टीम ने बडे. ही योजनाबद्ध तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया. वे पहचाने ना जा सकें इसलिए एक स्कूल वैन भी साथ ले गए थे. कार्रवाई के दौरान आरोपी के साथियों ने जैसे देखा कि आरोपी को पकड़कर स्कूल वैन में बैठाया जा रहा है. इस पर उन्होंने स्कूल वैन पर हमला कर दिया, जिससे वैन छतिग्रस्त हो गई.





















# दूध में मिलावट करने वाले हो जाएं सावधान



ठाणे : दूध में मिलावट करनेवाले सावधान हो जाए क्यों कि जिला प्रशासन ने ॐदूध का दूध और ॐपानी का पानी करने के लिए एक समिति गठित की है। समिति गुप्त तरीके से दूध में मिलावट करनेवालों पर कार्रवाई करेगी। बता दें कि राज्य में दूध और दूध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए जिला स्तरीय समिति बनाने का आदेश सभी जिलाधिकारियों को दिया गया है। आदेश के अनुसार, जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के मार्गदर्शन में अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जाइभाये के नेतृत्व में समिति का गठन किया गया है। इस समिति का कार्य दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने हेतु स्थल जांच अभियान चलाना, मिलावट करने वाले व्यक्तियों / प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दर्ज कराकर कार्यवाही करना शामिल है। डेयरी विभाग के सचिव तुकाराम मुंडे ने राज्य स्तरीय बैठक में निर्देश दिए हैं कि आगामी त्योहारों को देखते हुए समिति दूध और दूध से बने उत्पादों के मुद्दे को गंभीरता से लें। दोषी दुकानदारों/व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों को मिलावटी दूध और दूध से बने उत्पाद उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। इस संबंध में ठाणे जिला स्तरीय समिति ने कार्रवाई तेजी से शुरू कर दी है और समिति ने शाहपुर तालुका में तीन स्थानों पर दूध का निरीक्षण किया है। साथ ही निर्वाणी ने जिले के डेयरी व्यवसायियों को चेतावनी दी है। जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के मार्गदर्शन में गठित की गई समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जाइभाये-धुले हैं। इस समिति के सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य और जिला औषधि प्रशासन है। पशुपालन उपायुक्त, उप नियंत्रक, मान्यकरण विज्ञान एवं जिला डेयरी विकास अधिकारी दीपक खांडेकर सदस्य सचिव हैं।

# जेवरात और महंगे सामान के लिए वृद्धा की हत्या, कामवाली की साजिश

**जेकेएस संवाददाता**



मुंबई, एक वृद्ध महिला ने जिस कामवाली बाई को अपनी सुविधा के लिए घर काम के लिए रखा और अपने बेटों से अधिक मान सम्मान दिया, उसी कामवाली बाई ने वृद्धा के जेवरात और महंगे सामान के लिए वृद्धा की हत्या कर दी। उसने जेवरात को पाने के लिए अपने ७१ वर्षीय प्रेमी और बेटे के साथ मिलकर वृद्ध महिला की हत्या की साजिश रच डाली, लेकिन सोसायटी में लगे सीसीटीवी ने कामवाली की साजिश की पोल खोल कर रख दी। २० अप्रैल २०२३ की सुबह करीब ७ बजे मलाड पुलिस को सूचना मिली कि मलाड वेस्ट ओर्लेम चर्च के पास न्यू लाइफ बिल्डिंग के बाथरूम में मेरी डीकोस्टा (६९) पानी से भरी बाल्टी में डूब गई है। मलाड पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शताब्दी अस्पताल भेज दिया। इसके साथ ही एडीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। न्यू लाइफ सोसायटी में अपने पोते के साथ रहनेवाली वृद्धा के मामले में जांच के दौरान वृद्धा के पोते ने पुलिस को बताया कि महिला की सोने की चेन, स्मार्ट वॉच और मोबाइल फोन घर से चोरी हो गया, इससे पुलिस का संदेह और बढ़ गया। पुलिस ने सोसायटी में लगा सीसीटीवी चेक किया तो एक व्यक्ति संदिग्ध दिखा जो सिर पर टोपी और मास्क लगाकर बिल्डिंग में जाते नजर आया। पुलिस ने घर में काम करने वाली महिला व उसके बेटे से बात की तो महिला ने अपनी पहचान बताने से इनकार कर दिया। मलाड पुलिस के एक तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि संदिग्ध घर में काम करने वाली महिला का प्रेमी है। जिसके बाद मलाड पुलिस ने मलाड मालवानी गेट नंबर ७ से नौकरानी और उसके बेटे को गिरफ्तार किया और उसके प्रेमी को वसई से धर दबोचा। तीनों से पूछताछ किए जाने पर खुलासा हुआ कि घर में रखे जेवरात और कीमती सामान चोरी करने के लिए वृद्धा की हत्या करने के बाद उसे बाथरूम में ले गए और आत्महत्या दिखाने के लिए बड़ी बाल्टी में पानी भरने के बाद डाल दिया, ताकि लोगों को लगे कि महिला की मौत बाथरूम में गिरने से हुई है। आखिरकार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने सोसायटी के सीसीटीवी फुटेज और कुछ गवाहों के बयान दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट के माध्यम से अब कोर्ट में सुनवाई शुरू है। जल्द ही इस पर आखिरी पैंसला आनेवाला है। तब तक तीनों हत्यारे सलाखों के पीछे अपने गुनाहों की सजा काट रहे हैं।

# अकस्मात मृत्यु मधील मयत ओळख पटण्याबाबत

उपरोक्त विषय व संदर्भान्वये सादर की, मा. सहा-यक पोलीस आयुक्त सो., नवघर विभाग, भाईंदर पूर्व यांचे कार्यालयाकडून नवघर पोलीस ठाणे अभिलेखावरील अकस्मता मृत्यु प्रकरणांमधील मयत यांचे मृत्युचे कारणांबाबत जाहीरनामा प्रसिध्द करून मयत इसम यांचे नातेवाईक, हितसंबधीत व्यक्ती अथवा कोणा त्रयस्थ व्यक्तीस मयत याचे मृत्यु बाबत संशय, तक्रार वा हरकत असल्यास त्याबाबत म्हणणे सादर करणेकामी, पुरावे उपलब्ध असल्यास समक्ष सादर करणेकरीता मा. सहा-यक पोलीस आयुक्त साहेब, नवघर विभाग यांचे कार्यालयात हजर होणेकामी आवाहन करून जाहीरनाम प्रसिध्दी करणे बाबत आदेशीत केलेले आहे. अ.मु. प्रकरणामधील मयत यांची नावे व मृत्युची कारणे नमुद असलेली यादी खालील प्रमाणे.

| अ. क्र. | अकस्मात मत्यु क्रमांक | मयत व्यक्तीचे नाव | मत्युचे कारण |
|---|---|---|---|
| १) | ३६/२०२१, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | आदित्य अमोल वाणी, वय २ वर्षे. | शारीरिक आजाराने मयत. |
| २) | ७२/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | अमित नथु सिंग्घल, वय ३० वर्षे. | गळफास घेतल्याने मयत. |
| ३) | ६३/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | रूद्र विशाल गोलांबडे, वय ८ वर्षे. | पाण्यात बुडून मयत. |
| ४) | ९५/२०२१, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | श्रीमती किरण विनोद पटेल, वय ४७ वर्षे, | मानसिक आजाराने त्रस्त होवून मयत. |
| ५) | २४/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | राकेश गिरधारीलाल धानुका, वय ५३ वर्षे. | नैराश्याला कंटाळून उंचावरून उडी मारल्याने मयत. |
| ६) | १०८/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | प्रग्नेश सोमालाल देसाई, वय ५२ वर्षे. | नैराश्यापोटी दारूच्या नशेत गळफास घेतल्याने मयत. |
| ७) | ९७/२०२०, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | सतिष कांतीलाल पांचाळ, वय ४५ वर्षे. | विजेचा शॉक लागून मयत. |
| ८) | ४७/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | संतोष हनुमंत पवार, वय ४९ वर्षे. | पाय घसरून पडून डोक्यास मार लागून मयत. |
| ९) | ८२/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | जितेंद्र आयतप्पा देवाडीय, वय ४८ वर्षे. | बाल्कनीमधून खाली पडून डोक्यास व पायास दुखापती होवून मयत. |
| १०) | १७/२०२०, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | राहुल राजेश पाल, वय २० वर्षे. | उंचावरून पडून डोक्यास दुखापत झाल्याने मयत. |

तरी नमुद अ.मू. प्रकरणांमधील मयत यांचे मृत्युबाबत संशय, तक्रार या हरकत असल्यास त्याबाबत म्हणणे सादर करणेकामी, पुरावे उपलब्ध असल्यास समक्ष सादर करणेकामी मा. सहा-यक पोलीस आयुक्त साहेब, नवघर विभाग, भाईंदर पूर्व यांचे कार्यालयात हजर होणेबाबत आपले वृत्तपत्रात प्रसिद होवून जनतेस आवाहन करण्यास विनंती आहे.

# पत्नी से अफेयर के शक में पति ने उठाया खौफनाक कदम, मुंह-बोले भाई को मारकर कर डाले पांच टुकडे.



मुंबई, चेंबूर इलाके से खौफनाक मामला सामने आया है, यहां एक शख्स ने अपने पत्नी से अफेयर के शक में एक नाबालिक लडक़े की हत्या कर दी और इतना ही नहीं उसने शव को पांच टुकडों में काट दिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया की आरोपी का नाम शफीक अहमद अब्दुल मलिक शेख है जो ऑटो रिक्शा चालक है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पत्नी मृतक ईश्वर भगवान आव्हाड को अपना मुंह बोला भाई मानती थी। लेकिन आरोपी शेख को शक था कि ईश्वर का उसके पत्नी के साथ काफी नजदीकियां बढ.गई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ईश्वर का शव उपनगरीय चेंबूर के आरसीएफ इलाके में म्हाडा इलाके में शेख के दो कमरे के फ्लैट की रसोई से बरामद किया गया था।आरसीएफ पुलिस स्टेशन के अधिकारी के अनुसार, मृतक ईश्वर आव्हाड, शेख की पत्नी के परिवार को लंबे समय से जानता था। उन्होंने कहा कि शेख की पत्नी और उसकी बहन अव्हाड को अपने भाई की तरह मानती थीं, हालांकि उनका आपस में कोई संबंध नहीं था। अधिकारी ने कहा कि शेख अक्सर अव्हाड द्वारा अपनी पत्नी और भाभी के बारे में टिप्पणी करने पर आपत्ति जताता था और जाहिरा तौर पर वह क्रोधित था क्योंकि अव्हाड ने ऐसा करना बंद नहीं किया था। सोमवार को शेख कथित तौर पर उसे अपने फ्लैट में ले गया और चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी और बाद में शव के टुकडे. कर दिए। वहीं, ईश्वर कई दिनों से लापता था और शेख के ससुर ने पुलिस से संपर्क किया। अधिकारी ने कहा, शेख से पूछताछ की गई क्योंकि उसे आखिरी बार ईश्वर के साथ देखा गया था और उसने हत्या की बात कबूल कर ली थी। अधिकारी ने बताया कि उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा ३०२ (हत्या) और २०१ (साक्ष्य मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# पहले पत्नी को मारी गोली फिर हार्ट अटैक से पति की मौत !



ठाणे : कलवा के मनीषा नगर इलाके में दिलीप साल्वी ने अपनी पत्नी प्रमिला की गोली मारकर हत्या कर दी, फिर अचानक दिलीप की भी मौत हो गई। दिलीप की मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। इस संबंध में कलवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि दिलीप साल्वी कालवा के पूर्व नगरसेवक गणेश साल्वी कि भाई हैं। दिलीप साल्वी अपनी पत्नी प्रमिला, बेटे और मां के साथ मनीषानगर के कुंभराली इलाके के यशवंत निवास में रहते थे। दिलीप और प्रमिला के बीच पारिवारिक विवाद शुरू था। शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे दिलीप ने प्रमिला पर लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दिया। गोली प्रमिला के चेहरे पर लगी, जिससे प्रमिला की मौत हो गई। उसके बाद अचानक दिलीप की भी मौत हो गई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा होगा। इस संबंध में कलवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई में ड्रग्स की तस्करी, ९९७ मामलों में ४६ करोड़ की ड्रग्स जब्त



मुंबई, ड्रग्स की तस्करी तेजी से हो रही है। युवाओं में भी नशे की लत काफी हद तक बढ़ गई है। इसी वजह से मुंबई में ड्रग्स डिमांड जोरों पर है। मुंबई में ड्रग्स का डेरा जमने लगा है। मिली जानकारी के मुताबिक, सबसे ज्यादा नशीली दवाओं की तस्करी मुंबई में हो रही है और १६ अगस्त तक ९९७ मामलों में ४६ करोड़ की ड्रग्स जब्त की गई है, जबकि नागपुर राज्य में दूसरे नंबर पर है। यह चौंकाने वाली जानकारी राज्य पुलिस की वेबसाइट से मिली है। बता दें कि इस समय राज्य में बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री बढ़ गई है। नशीली दवाओं की लत पहले अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित थी। हालांकि, अब ड्रग्स का संकट कॉलेज के छात्रों से लेकर स्कूली बच्चों तक और बड़ी आईटी कंपनियों के दफ्तर तक पहुंच गया है। इसमें कई दलाल सक्रिय हैं क्योंकि दवाओं से होने वाला राजस्व करोड़ों में है। मुंबई और गोवा दो ऐसे शहर हैं, जो मादक पदार्थों की तस्करी का केंद्र हैं। बता दें कि मुंबई से महाराष्ट्र के तमाम शहरों में ड्रग्स, हेरोइन, एमडी, चरस और कोकीन की डिलीवरी होती है। कमजोर पुलिस नेटवर्क और रिपोर्टों के कारण मादक पदार्थों की तस्करी आज भी बड़े पैमाने पर हो रही है। कई मादक पदार्थ तस्करों के राजनीतिक संबंध हैं और कुछ के पुलिस विभाग से होने के कारण ड्रग्स तस्करों पर लगाम नहीं लग पा रही है। नशीली दवाओं का उपयोग शारीरिक और यौन क्षमता को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसीलिए युवाओं में नशे की लत बढ़ी है। जो युवा महिलाएं पब और क्लबों में मारिजुआना सिगरेट से शुरुआत करती हैं, वे कुछ दिन बाद नशीली दवाओं की आदी हो जाती हैं फिर ड्रग्स पाने के लिए वेश्यावृत्ति तक कर बैठती हैं। इसके अलावा कई क्लबों में युवतियों को नशे की लत लगाई जाती है।

# अकस्मात मृत्यु मधील मयत ओळख पटण्याबाबत

उपरोक्त विषय व संदर्भान्वये सादर की, मा. सहा-यक पोलीस आयुक्त सो., नवघर विभाग, भाईंदर पूर्व यांचे कार्यालयाकडून नवघर पोलीस ठाणे अभिलेखावरील अकस्मता मृत्यु प्रकरणांमधील मयत यांचे मृत्युचे कारणांबाबत जाहीरनामा प्रसिद्ध करून मयत इसम यांचे नातेवाईक, हितसंबधीत व्यक्ती अथवा कोणा त्रयस्थ व्यक्तीस मयत याचे मृत्यु बाबत संशय, तक्रार वा हरकत असल्यास त्याबाबत म्हणणे सादर करणेकामी, पुरावे उपलब्ध असल्यास समक्ष सादर करणेकरीता मा. सहा-यक पोलीस आयुक्त साहेब, नवघर विभाग यांचे कार्यालयात हजर होणेकामी आवाहन करून जाहीरनाम प्रसिध्दी करणे बाबत आदेशीत केलेले आहे. अ.मू. प्रकरणामधील मयत यांची नावे व मृत्युची कारणे नमुद असलेली यादी खालील प्रमाणे.

| अ. क्र. | अकस्मात मृत्यु क्रमांक | मयत व्यक्तीचे नाव | मृत्युचे कारण |
|---|---|---|---|
| १) | ०४/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | अयान मो. कामरान सफी अहमद खाँ, वय ३ महीने. | झोपेत आईचे दूध पिल्याने मयत. |
| २) | ७४/२०१९, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | अयन मितई गौड, वय ३३ वर्षे. | दारूच्या सेवनामुळे यकृतास सुज येवून मयत. |
| ३) | ०९/२०२१, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | कुमारी महेर मिराज मेघराणी, वय २० दिवस. | आईचे अंगावर दूध पितांना नाकात जावून श्वास गुदमरून मयत. |
| ४) | २४/२०२०, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | शकुंतला शांताराम वाणी, वय ७० वर्षे. | आगीचा भडका होवून भाजल्याने मयत. |
| ५) | ८३/२०१५, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | दिपेश चंदू वाघेला, वय १८ वर्षे. | विषबाधा झाल्यामुळे मयत. |
| ६) | ८३/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | राजनाथ मेवालाल यादव, वय ५० वर्षे. | डोक्यास मार लागून मयत. |
| ७) | १७/२०२३, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | नवजात बालिका वय १३ दिवस. | झोपेत आईचे दूध पिल्याने मयत. |
| ८) | ९६/२०१८, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | कन्हैयालाल रामनंद केवट, वय ४२ वर्षे. | डोक्यास मार लागून मयत. |
| ९) | १४/२०२३, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | प्रियंका विश्वजीत दास, वय २८ वर्षे. | साडीस पेट घेतल्यामुळे भाजून मयत. |
| १०) | ९५/२०२२, फौ.दं.प्र.सं.क. १७४ प्रमाणे. | आदेश ऊर्फ आदर्श ओमप्रकाश उपाध्याय, वय १८ वर्षे १ महीना. | गळफास घेतल्याने मयत. |

तरी नमुद अ.मु. प्रकरणांमधील मयत यांचे मृत्युबाबत संशय, तक्रार वा हरकत असल्यास त्याबाबत म्हणणे सादर करणेकामी, पुरावे उपलब्ध असल्यास समक्ष सादर करणेकामी मा. सहा-यक पोलीस आयुक्त साहेब, नवघर विभाग, भाईंदर पूर्व यांचे कार्यालयात हजर होणेबाबत आपले वृत्तपत्रात प्रसिद्धी होवून जनतेस आवाहन करण्यास विनंती आहे.

# शैलेश पांडे ने उद्धव ठाकरे पर कसा तंज

**जेकेएस संवाददाता**



मुंबई/भाजपा प्रवक्ता शैलेश पांडे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि पुरानी यू पी ए महागठबंधन जो कि एक महाठग गठबंधन है आज उसकी बैठक हो रही है बडा हास्यादपद विषय है कि विपरीत विचारधारा के लोग आजएक साथ एक टेबल पर बैठने वाले हैं. आप इस पुरानी यूपिए गठबंधन की बैठक में साप और नेवला एक साथ कैसे भाग ले रहे है ?। मुझे तो दया आती है उद्धव ठाकरे पर कि किस तरह से उस बैठक में वो बैठेंगे और उनके साथ जो राहुल गांधी की पार्टी कांग्रेस भगवान श्री राम जी के अस्तित्व पर प्रश्न उठाती थी सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया था.भगवान राम के अस्तित्व के खिलाफ, राम सेतु के अस्तित्व के खिलाफ, हलफनामा देने वाली कांग्रेस स्वातंत्र वीर सावरकर का बारबार अपमान करने वाली कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के साथ कैसे उद्धव ठाकरे बैठे हुए और वहां पर भगवानराम मंदिर जन्म भूमि निर्माण की रथ यात्रा को रोकने वाले लालू यादव के साथ कैसे उद्धव ठाकरे बैठे हैं और कैसे भगवान श्रीराम के कारसेवक पर गोलिया चलाने वाले हिंदुओं के हत्यारे समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के बगल में कैसे उद्धव ठाकरे बैठे हैं.आज वो महाराष्ट्र ही नहीं देश की जनता से बताए, देश के हिंदू समाज से बताए कि हिंदू विरोधी ताकतों के साथ जिन्होंने भगवान श्री राम जन्मभूमिमंदिर निर्माण में कारसेवको पर गोलियां चलाई,जिन्होंने श्रीराम जन्म भूमि मंदिर रथ यात्रा रुकवाई और जो राम भगवान के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह उठाते है, ऐसे लोगो के साथ उद्धव ठाकरे कैसे बैठे हैं ?क्या आज उद्धव ठाकरे पूरी तरह से हिंदू विरोधी हो गए ?आने वाले समाज में हिंदू समाज उद्धव ठाकरे को कभी माफ.नहीं करेगा.

# चंद्रकांत मोदी की माता जी का देहांत





**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंद्रकांत मोदी की माता श्री पूर्व सरपंच आनंदीबेन भीकालाल मोदी का १०४ वर्ष की उम्र बुधवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र चंद्रकांत मोदी समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। चंद्रकांत मोदी की माताजी के निधन की सूचना मिलते ही शहर की विधायक गीता भरत जैन, पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन, भाजपा के मीरा-भायंदर विधानसभा चुनाव प्रमुख एड रवि व्यास, जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दरोगा पांडेय, पूर्व नगरसेवक मनोज दुबे, अनिल विराणी, प्रशांत दलवी, उत्तर भारतीय मोर्चा की महिला जिलाध्यक्ष रेनू मल्लाह, महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह राजपूत, जिला सचिव प्रवीण राय, बिहार प्रकोष्ट के संयोजक फूल कुमार सिंह, सृष्ठि मंडल के बूथ संयोजक नवीन सिंह समेत तमाम लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी, तथा शोकाकुल मोदी परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। दिवंगत आनंदीबेन भीकालाल मोदी की अंतिम यात्रा गुरुवार, ३१ अगस्त को सुबह १०.३० उनके निवास स्थान ए-६०-१०३, सेक्टर ३ शांतिनगर मीरारोड पूर्व से निकली, तथा मीरारोड पूर्व स्थित श्मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया गया। और शांती नगर में शोकसभा का आयाजन किया गया। जिसमें कई लोगों ने आकर चंद्रकांत मोदी जी का माता जी दी श्रद्धांजलि दी।

# मछुआरे बंधुओ की समस्याओं के समाधान के लिए वह सर्वोच्च प्रयत्न करेंगी विधायक जैन

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर शहर के मछुआरों और कोली समाज के लिए स्थानीय विधायक गीता भरत जैन के प्रयासों से राज्य सरकार के मत्स्य विभाग ठाणे द्वारा गुरुवार को उत्तन मच्छीमार व वाहतूक सहकारी संस्था सभागृह पाली में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक जैन ने कहा कि मछुआरे बंधुओ की समस्याओं के समाधान के लिए वह सर्वोच्च प्रयत्न करेंगी। इस अवसर पर उपस्थित मछुआरों को उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार




द्वारा दी जाने वाली योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड ई-श्रम कार्ड, दुर्घटना बीमा योजना आदि का लाभ कैसे उठाएं। इस पर मार्गदर्शन किया। साथ ही जैन ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में सभी को जानकारी मिले इसके लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शीघ्र किए जाने की जानकारी दी। हृदय रोग ,किडनी जैसे अन्य गंभीर बीमारियों पर निजी तथा सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान अड़चन आने पर उनके जनसंपर्क कार्यालय से संपर्क करने का आवाहन उन्होंने किया। शहर में सूखी मछली बिक्री करने के लिए स्थाई जगह उपलब्ध कर देने, महिला बचत गट को खाद्य पदार्थ बिक्री के लिए निर्धारित दिन स्टॉल उपलब्ध कर देने ,मछुआरों के व्यवसाय के लिए लगने वाले बर्फ की कमी पर जैन ने शीघ्र ही जगह और मनुष्य बल उपलब्ध होने पर आईस प्लांट के निर्माण की घोषणा की और उसके लिए लगने वाली निधि भी उपलब्ध कर देने का आश्वासन दिया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से मत्स्य विभाग के सहायक आयुक्त दिनेश पाटील, पूर्व नगरसेवक शरद पाटील, बर्नाड डिमोलो ,स्थानीय मच्छीमार संस्था के पदाधिकारी और अनेक कोली बांधव उपस्थित थे।

# मनपा आयुक्त को रमजान खत्री ने कई समस्याओं से अवगत कराया





**जेकेएस संवाददाता**

**मीरारोड** : मीरा भाईंदर महानगरपालिका क्षेत्र में जनहित के कार्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गट सक्रिय होते हुए दिखाई दे रहा है. जिनमें मीरा भाईंदर के समाज सेवको में से एक है. एनसीपी पार्टी के रमजान खत्री जो आए दिन समाज के कार्यों में काफी एक्टिव दिखाई दे रहे है . कई समय से समाज में सक्रिय रमजान खत्री अजित पवार गट के प्रदेश उपाध्यक्ष ने मीरा भाईंदर महानगरपालिका के कमिश्नर श्री संजय काटकर का सत्कार किया गया साथ ही कई समस्याओं को अवगत करवाते हुए कहा की उर्द स्कुल व कब्रिस्तान जैसे कार्यों का जल्द से जल्द शुरु किया जाए. आपको बता दे की हाल ही में रमजान खत्री ने कमिश्नर श्री संजय काटकर से मुलाकात की और उन्हें मीरा भाईंदर शहर में होने वाली कई समस्याओं बताई जैसे मीरा भयंदर शहर का कब्रिस्तान, उर्दू स्कूल के लिए नई इमारत बनवाना, फेरीवालों की समस्याएं , रसाज के सामने सिंगापुर प्लाजा में अवेध निर्माण , नया नगर में स्थित निहाल कॉर्नर होटल के पास अवेद फेरिवाला मुद्दा , अंजुमन गली लोढा रोड बडा किया जाए , श्रीकांत धारवे मार्ग रेलवे ट्रैक को १०० फिट बैक रोड के नाले पर स्लैब डालकर नया नगर के सभी फेरीवालों को वहां बिठाया जाये, आदि ऐसे कई समस्याओं को दूर करने के लिए निवेदन दिया. इस मुलाकात में मकसूद भाई, जुनैद भाई, अरबाज खत्री, सलमान खान, अरमान खान आदि उपस्थित थे

# एमबीएमटी के बेडे में सितंबर में शामिल होंगी १० ई-बसें

भायंदर। मीरा भायंदर महानगरपालिका परिवहन सेवा(एमबीएमटी) के बेडे. में १० नई इलेक्ट्रिक बसें सितंबर महीने से शामिल हो जाएंगी ।पहली इलेक्ट्रॉनिक बस का मंगलवार को रिव्यू लिया गया ।इसके लिए आयुक्त संजय काटकर,अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर,उपायुक्त संजय शिंदें, सिटी इंजीनियर दीपक खांबित के साथ नई बस में यात्रा भी किया। परिवहन प्रशासकीय अधिकारी दिनेश कानगुडे ने बताया कि मीरा भायंदर मनपा परिवहन की ७४ बसें सडक़ों पर दौड़ रही हैं।५७ नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदने का निर्णय लिया गया है ।इनमें २५ बडी, २२ मिडी तथा १० मिडी एसी बस शामिल हैं। जिसमें से १० बसों की पहली खेप सितंबर महीना के आखिर तक सडक़ पर उतार दी जायेगी। उन्होंने बताया कि ई बस आ जाने से कुछ नए रूट शुरू किए जाएंगे और कुछ पुराने रूटों पर बसों की संख्या बढा दी जाएगी। मीरा भायंदर परिवहन सेवा में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या प्रतिदिन ९०,००० को पार कर गई है।

# २५ हजार रुपए रिश्वत स्विकारते उपनिबंधक गिरफ्तार

**भायंदर** : उपनिबंधक सहकारी संस्था भायंदर में कार्यरत मुख्य लिपिक शेख अली हैदर दगडू मियां (३५) को एंटी करप्शन ब्यूरो ठाणे ने २५ हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भायंदर-पूर्व की एक सोसायटी में नोटिस भेजने, व्यवस्थापक रखने और लेखा परीक्षण करने के लिए शेख ने ५० हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में ४५ हजार रुपए लेकर कार्य करने की रजामंदी शेख ने दर्शाई थी। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता ने एसीबी, ठाणे में की थी। एसीबी ठाणे परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक सुनील लोखंडे और अपर पुलिस अधीक्षक अनिल घेरडीकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक नितिन थोरात, एएसआई भावसार की टीम ने जाल बिछाकर तय रिश्वत की पहली किश्त २५ हजार रुपए रिश्वत स्वीकारते हुए मंगलवार शाम को शेख को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।




# कार चालक ने बच्चे को कुचला, हुई मौत

**जेकेएस संवाददाता**

विरार: विरार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के कामन कुंज सोसायटी में गुरुवार को एक कार चालक ने ढाई साल के बच्चे को कुचल दिया। इस हादसे में बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, कामन कुंज सोसायटी में वॉचमैन की नौकरी करने वाले कमल मणिराम ढकाल (३१) अपनी पत्नी व ढाई साल के बेटे मनीष के साथ सोसायटी के एक कमरे में ही रहते हैं। गुरुवार की रात साढे.नौ बजे सोसायटी में रहने वाला प्रतीक शाह अपनी कार लेकर बाहर जा रहा था। इसकी चपेट में आकर मनीष की मौत हो गई।

तुरंत चाहिए

महिला ब्यूटीशियन



संपर्क करें
मैडम मनीषा से 8898253578
पता: मीरा रोड सेक्टर-५, शांति नगर, सी/१४, ग्रा. फ्लोर रूम नंबर ००१, अनुभव सीएचएस लिमिटेड, शिव सेना कार्यालय के पास, मेरा रोड (ई) ठाणे - ४०११०७




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI